राष्ट्रपति के रांची आगमन को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी तेज

# 28 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सीयूजे के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

**कारकेड मूवमेंट को लेकर रांची डीसी ने दिये जरूरी निर्देश**

**पत्र में जिन कार्यों को करने को कहा गया**

- कारकेड मूवमेंट जिन पथों पर होना है उन सभी पथों की मरम्मत का कार्य ससमय पूर्ण कराना। पथों का सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण करना।
- मार्ग में पड़ने वाले सभी स्पीड ब्रेकर को ऐसा बना दिया जाये जिससे राष्ट्रपति को यात्रा में कोई असुविधा ना हो।
- कारकेड मूवमेंट के लिए रिंग रोड से ग्राम चेरी-मनातू होते हुए वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत का कार्य ससमय पूर्ण कराना। यात्रा के लिए निर्धारित कार्यक्रम स्थल की दूरी एवं समय के संबंध में प्रतिवेदन उपलब्ध कराना।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 28 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची आगमन को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों पर है। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने पत्र जारी कर कारकेड मूवमेंट स्थलों के कार्य को पूरा करने को कहा है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रांची, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), ग्रामीण अंचल रांची, परियोजना निदेशक (प्रशासन) जुडको के नाम पत्र जारी किया है। जिसमें राष्ट्रपति के कार्यक्रम के मद्देनजर रांची जिला के बिरसा मुंडा विमानपत्तन, रांची से रिंग रोड, आई.टी.बी.पी. मोड़ होते हुए प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय तक के सड़क मार्ग के कार्य को ससमय पूरा करने को कहा गया है।

अंतिम समारोह में सात सेशन के यूजी-पीजी समेत वोकेशनल कोर्सों के 3873 स्टूडेंट्स को डिग्री देने पर सहमति

# रांची कॉलेज के थर्ड ग्रेजुएट सेरेमनी में यूजी-पीजी के 212 टॉपरों को गोल्ड और 3001 पास आउट को डिग्री

**एससी-एसटी और अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चे कई विषयों में प्राप्त किया गोल्ड मेडल**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची कॉलेज को अपग्रेड कर छह साल पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) का दर्जा दिया गया था। रांची कॉलेज से पास आउट छात्रों को शनिवार को रांची यूनिवर्सिटी के मोरहाबादी कैंपस स्थित दीक्षांत मंडप में अंतिम और थर्ड ग्रेजुएट सेरेमनी का आयोजन किया गया। दीक्षांत मंडप परंपरागत ड्रेस में उपाधि प्राप्त करने पहुंचे विद्यार्थियों से खचाखच भरा रहा, क्योंकि यह सात सेशन पास आउट स्टूडेंट्स के लिए ग्रेजुएट सेरेमनी थी। अतिथियों ने यूजी-पीजी के 212 टॉपरों को गोल्ड मेडल प्रदान किया। वहीं 3001 यूजी-पीजी समेत वोकेशनल कोर्सों के पास आउट छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। वहीं यूजी-पीजी के कुल पास आउट 3873 छात्रों को उपाधि प्रदान करने की अनुमति प्रदान कर दी गई। बतौर मुख्य अतिथि रांची यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. अजीत कुमार सिन्हा और विशिष्ट अतिथि ओपन यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. टीएन साहू ने टॉपरों को गोल्ड मेडल प्रदान किए।

डीएसपीएमयू के वीसी प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने उपाधि लेने वाले छात्रों को टिप्स दिए। रजिस्ट्रार डॉ. नमिता सिंह ने भी विचार रखा। परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार गुप्ता ने यूनिवर्सिटी के सफर पर प्रकाश डाला। डीएसडब्ल्यू डॉ. एसएम अब्बास ने कहा कि एससी-एसटी और अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों ने विभिन्न विषयों में गोल्ड मेडल प्राप्त कर यह साबित कर दिया है किसी से कम नहीं हैं।

मौके पर मुख्य रुप से मो. अयूब, डॉ. ईश्वरी प्रसाद, प्रो. राजेश कुमार सिंह, डॉ. धन्नंजय बासुदेव द्विवेदी, डॉ. अभय कृष्ण, डॉ. गणेश चंद्र बास्के, डॉ. नलिनी कांत महतो, डॉ. अभय सागर मिंज, डॉ. पियूष बाला, डॉ सर्वोत्तम कुमार, डॉ. रेखा झा, डॉ. शमा सोनाली, आईएन साहू, शैलेंद्र कुमार, उदय प्रसाद समेत शिक्षक व कर्मचारी थे।

**डीएसपीमयू ने बनायी अपनी वैश्विक पहचान : अजीत सिन्हा**

रांची यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि उपाधि वितरण समारोह प्राचीन काल की गुरुकुल परंपरा का ही बदला हुआ स्वरूप है, जिसमें हम विद्यार्थियों को दीक्षित कर रहे हैं। डीएसपीएमयू ने कम समय में अपनी पहचान बना ली है। हमें जनजातीय जीवनशैली को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करना है।

**वैचारिक उन्नयन का केंद्र बनेगा डीएसपीएमयू : डॉ शांडिल्य**

डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इस विश्वविद्यालय की यात्रा बहुत लंबी नहीं है, लेकिन कम समय में ही इसने अपनी अलग पहचान बना ली है। विश्वविद्यालय का दायित्व ही उच्चतर आदर्श का सतत पाना है। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में डीएसपीएमयू वैचारिक उन्नयन का केंद्र बनेगा।

**स्व विकास के साथ समाज विकास भी जरूरी : डॉ साहू**

डीएसपीएमयू के पूर्व कुलपति डॉ ने कहा कि युवा देश-दुनिया में समन्वय स्थापित करने और समाज के विकास में अपना योगदान दें। झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ टीएन साहू ने कहा कि डिग्री प्राप्त करने के बाद अगला कदम स्वविकास के साथ समाज के विकास के लिए बढ़ना चाहिए।

**अबतक विवि का शानदार सफर : डॉ आशीष गुप्ता**

परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष गुप्ता ने कहा कि रांची कॉलेज की शुरूआत इंटर की पढ़ाई से शुरू हुई थी। बाद में यहां डिग्री की पढ़ाई शुरू हुई। 1952 में यहां स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू हुआ। 1960 में आरयू की स्थापना होने पर रांची कॉलेज इसकी इकाई बना। 2009 में यह ऑटोनॉमस और 2018 में विश्वविद्यालय बना।



रांची कॉलेज के अंतिम ग्रेजुएट सेरेमनी में शामिल होने का अवसर मिला है। मुझे स्नातक भूगोल विषय का टॉपर, स्नातक सोशल साइंस का टॉपर और पीजी भूगोल टॉपर व पीजी का सोशल साइंस टॉपर का गोल्ड मेडल मिला है। मैं असिस्टेंट प्रोफेसर की तैयारी कर रही हूं। **वर्षा परिहार, भूगोल।**



रांची कॉलेज के ग्रेजुएट सेरेमनी में मुझे चार-चार गोल्ड मेडल मिले हैं। इसमें स्नातक उर्दू का टॉपर, स्नातक ह्यूमिनिटी का टॉपर, पीजी उर्दू का टॉपर और पीजी ह्यूमिनिटी का टॉपर शामिल है। मैं अभी सिविल सेवा परीक्षा की तैयार कर रहा हूं। **नसीम अख्तर**

मुझे रांची कॉलेज के ग्रेजुएट सेरेमनी में स्नातक रसायन विज्ञान के टॉपर का गोल्ड मेडल मिला है। मेरे पिता सुरेंद्र शर्मा मेरे आदर्श हैं। इसके अलावा विभाग के शिक्षकों का बेहतर मार्गदर्शन रहा है। मैं अभी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही हूं। **स्नेहा शर्मा, रसाय विज्ञान।**

**खबर एक नजर में**

## मन की बात आज हटिया स्टेशन से सुनें



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संबोधित 'मन की बात' के प्रसारण का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर रविवार 25 फरवरी को 10 :30 बजे हटिया रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म -1 पर प्रसारण किया जायेगा। यह जानकारी रांची रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी निशांत कुमार ने दी।

## चेन छिनतई के आरोप में दो गिरफ्तार

**रांची।** लालपुर थाना पुलिस ने चेन छिनतई के आरोप में साहब जफर उर्फ छोटू, नवीन उर्फ सुहैल को गिरफ्तार किया है। दोनों लोअर बाजार थाना एरिया के कांटाटोली के रहनेवाले हैं। पुलिस ने दोनों को मोरहाबादी में चेन छिनतई करते हुए रंगेहाथों पकड़ा।

## मासिक लोक अदालत में 173 वादों का निष्पादन

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची द्वारा शनिवार को सुबह 10 :30 बजे से व्यवहार न्यायालय, रांची में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में कुल 173 वादों का निष्पादन किया गया एवं 10272500 (एक करोड़, 2 लाख 72 हजार पांच सौ) रुपयों का निष्पादन विभिन्न वादों में किया गया। इसके लिए 7 बेंच का गठन किया गया था। इस आशय की जानकारी डालसा सचिव राकेश रंजन ने दी।

## ऑनलाइन जुआ खेल रहे आधा दर्जन लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

**रांची।** राजधानी रांची के सदर थाना इलाके से पुलिस ऑनलाइन जुआ खेल रहे आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि दीपाटोली स्थित न्यू नगर में ऑनलाइन सप्ता खेला जा रहा है, जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी की और आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने सट्टा के अड्डे से करीब 15 लाख रुपए नगद बरामद किया है। वहीं कुछ लोग पुलिस को आते देख भागने में कामयाब रहे। पुलिस फिलहाल इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## चोरों ने तोड़ा आधा दर्जन दुकानों के ताले, छानबीन में जुटी पुलिस

**रांची।** एचइसी सेक्टर-2 स्थित पंचमुखी मंदिर के पास स्थित मार्केट के आधा दर्जन दुकानों के शटर गत रात्रि चोरों ने तोड़ डाले। चोर दुकान के अंदर तो नहीं पहुंच सके लेकिन शटर के ताले तोड़कर यहां वहां फेंक दिए। इससे दुकानदारों के बीच दहशत का माहौल है। इससे कुछ महीने पहले भी मंदिर का गेट तोड़कर दान पेटी की भी चोरी हो चुकी है।

दो दिन पूर्व पंचमुखी मंदिर के सामने की लेन मे स्थित पोस्ट ऑफिस के आस पास कुछ घरों मे रात के वक़्त पत्थरबाजी की घटना भी हुई थी। उक्त क्षेत्र में सीढ़ी में घुसकर बल्ब और अन्य सामान की चोरी अक्सर हो रही है। बताया गया कि आस पास में असामाजिक तत्वों और बाइकर्स का जमावड़ा लगा रहता है। पुलिस चोरी के मामले में छानबीन कर रही है।

## मंत्री बेबी देवी से मिला झारखंड छात्र संघ का डेलिगेशन, आंसर शीट जारी कराने की मांग



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेएसएससी की ओर से झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 29 अक्टूबर 2023 को आयोजित की गयी थी परंतु तीन माह बाद भी उत्तर कुंजी जारी नहीं की गयी है। मामले को लेकर झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति ने महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी देवी से मिलकर उत्तर कुंजी एवं रिजल्ट जल्द प्रकाशित कराने को लेकर संबंधित विभाग को जरूरी दिशा निर्देश देने का आग्रह किया। मोर्चा के अध्यक्ष अमन तिवारी व सचिव असद फेराज टिंकू ने बताया कि मंत्री ने आश्वस्त किया कि संबंधित विभाग को अविलंब निर्देश दिया जाएगा। मौके पर इरफान खान, राहुल मुंडा, अतिकुर रहमान, कासिफ रजा, अमन ठाकुर, भास्कर महतो, प्रियांशु, प्रशांत, बलराम, उमेश, राहुल, रोहित आदि मौजूद थे ।

## सीबीआई जांच की अनुशंसा क्यों नहीं कर रहे सीएम : अभिषेक

**रांची।** छात्र आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि आखिर 25 दिन बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की अनुशंसा क्यों नहीं कर रही है। यह कहीं ना कहीं प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। लगभग हर एक दिन कहीं ना कहीं से इस पेपर लीक मामले में संलिप्त अपराधी पकड़े जा रहे हैं, परंतु अभी तक एक भी एफआईआर नहीं किया गया।

## भाजपा कार्यालय में कवि और समाज सुधारक संत रविदास की मनी जयंती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में संत रविदास की जयंती मनायी गयी। मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा संत रविदास बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ-साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया। संत रविदास जी ने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए। मन चंगा तो कठौती में गंगा रविदास का ये दोहा आज भी प्रसिद्ध है। रविदास का कहना था कि शुद्ध मन और निष्ठा के साथ किए काम का हमेशा अच्छा परिणाम मिलता है। मौके पर नीरज पासवान, जोगेंद्र लाल, वरूण साहू, बलराम सिंह, शिवधारी राम, उपेंद्र रजक, राजीव राज लाल, रामलगन राम, युवराज पासवान, राकेश राम, कमलेश किशोर, संदीप कुमार, नीरज नायक, संजय रविदास आदि थे।

## युवा चौपाल कार्यक्रम के जरिये 2.5 लाख लोगों को जोड़ेगा युवा मोर्चा : शशांक राज




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने की। बैठक में मोर्चा द्वारा कल से शुरू होने वाले शक्ति केंद्र स्तरीय युवा चौपाल को लेकर तैयारी की गई। चौपाल के माध्यम से नव मतदाताओं एवं युवाओं को मोदी जी के जनकल्याणकारी नीति एवं योजनाओ को बताए हुए पार्टी में अधिक से अधिक संख्या में जोड़ना है। यह चौपाल कार्यक्रम 25 फरवरी से प्रदेश भर में आरंभ होगा और समापन 5 मार्च को होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी शक्ति केन्द्र, पंचायत एवं वार्डों से 2.5 लाख युवाओं के बीच पहुँचेगी एवं चुनावी घोषणापत्र हेतु युवाओं का सुझाव भी लेना है। मोर्चा के कार्यकर्ता घर- घर जाकर भाजपा की नीतियों सिद्धांतों एवं मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को बताकर उन्हें पार्टी में शामिल करायेंगे। बैठक में रूपेश सिन्हा, सूर्या प्रभात, विनय जायसवाल, भूपेंद्र सिंह, सत्यदेव मुंडा, पूजा सिंह, अमित साहू, अमन यादव, अनुराग जायसवाल, अविनाश आर्या, रोमित सिंह, अमिताभ सेनापति, प्रियंका रंजन, अस्मित सिंह सेठी, अमिताभ धीरज, अमन जायसवाल सहित जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

## आजसू में आने के बाद जितेंद्र सिंह को बनाया गया केन्द्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार समाजसेवी जितेंद्र सिंह को केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर मनोनीत किया गया है। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जितेंद्र जी के सामाजिक अनुभव और प्रगतिशील नेतृत्व से पार्टी को एक नई दिशा मिलेगी। बता दें कि जितेन्द्र सिंह 18 फरवरी को अरगोड़ा मैदान में अपने हजारों समर्थकों के बीच आजसू पार्टी में शामिल हुए थे।

इस दौरान जितेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मुझपर भरोसा दिखाया है उसे मैं पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा करूंगा और पार्टी के विचारों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करूंगा। पार्टी के नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

## राज्य में सरकार तो चल रही, पर जनता के बीच कहीं मौजूद नहीं : सुदेश कुमार महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजनेताओं का उद्देश्य राज्य का दोहन नहीं बल्कि उनका उद्देश्य राज्य का नवनिर्माण होना चाहिए। झारखंड में सरकार अपनी मौजूदगी का अहसास जनता को नहीं करा पाई है। उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने लातेहार विधानसभा अंतर्गत जालिमखुर्द-जगतारनपुर, बाजारटांड में आयोजित संकल्प सभा सह मिलन समारोह में कही। मौके पर राष्ट्रीय जनता दल की प्रदेश उपाध्यक्ष उषा देवी यादव समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं और सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्राम सभा की तिलांजलि दे दी है। जमीन के नीचे की खनिज संपदा पर सबकी नजर है, पर जमीन के ऊपर के लोगों की चिंता किसी को नहीं है। गांव की समस्या को समझने और जीने वाला गांव का लीडर चाहिए। मिलन समारोह के दौरान पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने संत रविदास जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 21 मार्च को होगी राज्यसभा की वोटिंग, भाजपा और झामुमो को मिल सकती है एक-एक सीट...

**तीन मार्च को धीरज साहू और समीर उरांव का कार्यकाल हो रहा समाप्त**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की कुल छह सीटों में दो सीटें तीन मार्च 2024 को रिक्त होगा। 21 मार्च को दोनों सीटों पर वोटिंग होगी। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और भाजपा के राज्यसभा सांसद समीर उरांव का कार्यकाल पूरा होने के बाद राज्यसभा सांसद के चुनाव में एक सीट झामुमो तो दूसरी सीट भाजपा के पाले में होगी। दोनों सीटों पर निर्विरोध चुनाव की संभावना है, क्योंकि झारखंड में एक सीट को जीतने के लिए पहली प्राथमिकता के 27 वोट की जरूरत होती है। झामुमो से सरफराज अहमद के गांडेय सीट से इस्तीफा देने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायकों की कुल संख्या 29 है।

वहीं बाबूलाल मरांडी को मिलाकर भाजपा के पास कुल 26 विधायक हैं। एनडीए में शामिल आजसू के तीन विधायकों का साथ मिलने से भाजपा के पास पहली प्राथमिकी के वोटों की संख्या 29 हो जाती है। इससे साफ है कि एक सीट झामुमो तो दूसरी सीट पर भाजपा की जीत तय है। कांग्रेस के पास कुल 17 विधायक हैं, इस लिहाज से कांग्रेस का प्रत्याशी झामुमो के सहयोग के बिना नहीं जीत पायेगी।

**निर्वाचन आयोग ने की तारीखों की घोषणा**

भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड की दोनों राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव तारीखों की घोषणा कर दी है। इसके लिए 4 मार्च को नोटिफिकेशन जारी होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 11 मार्च होगी। नामांकन की स्क्रूटनी 12 मार्च को होगी। नामांकन वापस लेने की तारीख 14 मार्च तय की गई है। दोनों सीटों के लिए एक से ज्यादा प्रत्याशी के नामांकन करने पर 21 मार्च को वोटिंग होगी। मतदान का समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतदान होने पर उसी दिन शाम 5 बजे से मतों की गिनती होगी। जबकि 23 मार्च से पहले चुनाव की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

**झारखंड में चार बार हुआ है निर्विरोध निर्वाचन**

झारखंड गठन के बाद से अबतक चार बार दो-दो प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। 2004 में पहली बार यशवंत सिन्हा और स्टीफन मरांडी निर्विरोध निर्वाचन के आधार पर राज्यसभा सांसद बने थे। साल 2006 में माबेल रिबेलो और एसएस अहलूवालिया का निर्विरोध निर्वाचन हुआ था। साल 2014 में निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवानी और प्रेमचंद गुप्ता निर्विरोध चुने गए थे। इसके बाद 2022 में झामुमो की महुआ माजी और भाजपा के आदित्य साहू निर्विरोध चुने जाने के बाद राज्यसभा पहुंचे थे। उम्मीद की जा रही है कि मतों की संख्या के लिहाज से इस बार भी दोनों सीटों पर निर्विरोध चुनाव होगा।

## सीसीएल में अनुकंपात्मक नियुक्ति से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** श्रम शक्ति विभाग द्वारा निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार को सीसीएल मुख्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा जारी किये गए अनुकम्पात्मक नियुक्ति के लिए मानक संचालन प्रक्रिया एवं नियुक्ति आवेदन के प्रशिक्षण पर आधारित थी। कार्यशाला में महाप्रबंधक संजय ठाकुर, रमाकान्त पांडेय के साथ साथ मुख्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रो से आये अमला अधिकारीगण एवं ईकाइयों से आये नोडल अधिकारीगण उपस्थित थे। हर्ष नाथ मिश्र ने अपने सम्बोधन में अनुकम्पात्मक नियुक्ति से सम्बंधित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं सीआईएल के द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन पर जोर दिया।

ससमय एवं त्वरित निष्पादन के लिए कंपनी द्वारा एक फाइल ट्रैकिंग प्रणाली भी तैयार की गयी है जिसके द्वारा आवेदक अपने नियोजन की वर्तमान स्तिथि को देख सकते हैं। उन्होंने विषय से सम्बंधित अन्य मामलें जो शिकायत पैदा करते हैं उनके निस्तारण पर भी चर्चा की गयी।

विभागाध्यक्षा (श्रम शक्ति) कविता गुप्ता ने भी नवीन विकसित फाइल ट्रैकिंग प्रणाली एवं मानक संचालन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रम शक्ति विभाग के अधिकारियों एवं कर्चारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आज का राशिफल
### 25 फरवरी 2024

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : शिशिर। सूर्य उत्तरायण। **मास** : फाल्गुन, **पक्ष** : कृष्ण, **तिथि** : प्रतिपदा 20:36 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : पूवार्फाल्गुनी 01:24 बजे रात्रि में समाप्त। **योग** : सुकर्मा 14:28 बजे समाप्त। **करण** : कौलव 20:36 बजे समाप्त। **सूर्य** : कुंभ राशि में। **चंद्रमा** : सिंह राशि में दिन-रात। **दिशाशूल** : पश्चिम।

**मेष** : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृष** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मिथुन** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्क** : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। विवाद को टालें।

**कन्या** : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**तुला** : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**वृश्चिक** : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**धनु** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**मकर** : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**कुंभ** : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**मीन** : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# शब ए बारात आज, मुसलमानों को इबादत और तपस्या में व्यस्त रहना चाहिए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एदार ए शरिया झारखंड के मुख्य प्रशासक नाजिमे आला मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि आज 25 फरवरी 2024 दिन रविवार को शाबान-उल-मोअज्जम 1445 हिजरी की 14 तारीख है और रविवार दिन गुजार कर आने वाली रात को शब ए बारात है यानी शाबान उल-मुअज्जम की पंद्रहवीं रात है। इसके संबंध में पैगंबर हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने कहा, जब शाबान की पंद्रहवीं रात हो, तो जागते रहो इबादत करो और दिन में रोजा रखो, क्योंकि उस रात में अल्लाह की तजल्ली सूरज डूबने के बाद से ही जाहिर होती है और अल्लाह तआला फरमाता है: क्या कोई है जो क्षमा मांगता है, मैं उसे क्षमा कर दुं माफी दे दूं, क्या कोई ऐसा व्यक्ति है जो जीविका रिज्क माँगता हो,तो मैं उसे प्रदान कर दूं? क्या कोई ऐसा व्यक्ति है जो मुसीबत जदा हो तो उस की मुसीबत दूर कर दुं किया कोई हाजत वाला हो कि उस की जरूरत पुरी कर दुं यहां तक की सुबह हो जाती है।

नाजिमे आला ने कहा कि उपरोक्त हदीस से यह पता चला कि यह रात दया और क्षमा से भरी है। इस रात में पापियों के पाप माफ कर दिए जाते हैं। जो लोग ऐसी पाक रातें खुदा की याद में बिताते हैं, उन पर अल्लाह तआला की कृपा होती है। मेहरबानी होती है। जो लोग एसी मुबारक रातों को यादे इलाही में गुजारते हैं उन के लिए अल्लाह तआला का इरशादे पाक है कि उन पर अल्लाह तआला की तरफ से रहमतें और बरकतें नाजिल होती हैं। एक और हदीसे पाक में है कि जो बच्चा इस साल में पैदा होने वाला है वह इस रात में लिखा जाता है और इस साल में जो आदमी हेलाक होने वाला है उसका नाम इसी रात में लिखा जाता है, और इस रात में आअमात कर्तव्य उठाए जाते हैं और इसी रात इन के रिज्क उतरते हैं। मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा कि शब-ए-बारात बहुत पवित्र रात है, इसलिए सभी मुसलमानों को एबादत में व्यस्त रहना चाहिए और एबादते इलाही के माध्यम से आग से छुटकारा पाना चाहिए। मौलाना रिजवी ने कहा कि आज रात जहां एबादत, नफ्ल, जिक्र और नेक काम में व्यस्त रहें वहीं नज्र व नेयाज फातिहा करें अपने खानदान के मरहुमीन को सवाब बख्शें विषेश कर हजरत अवेस करनी रजीअल्लाहो अन्हो के नाम की न्याज करें और रात के पिछले पहर कबरस्तान जाकर फातेहा पढें, नाजिमे आला ने कहा कि खेल कूद में रात ना गुजारें, आतिशबाजी हराम है इस से दूर रहें, विषेशकर नौजवान मोटरसाइकिल स्टंड से बिल्कुल दूर रहें, कबरस्तानो और मस्जिदों को सजाएं, देश की खुशहाल और सलामती की दुआ करें। मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने झारखंड सरकार से कहा है कि इस पाक अवसर पर पानी, बिजली, साफ सफाई और सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाए।



फोटो : समीर

# राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण आवश्यक : पवन कुमार मिश्रा

## सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक शनिवार को सीसीएल मुख्यालय के नये भवन के तीसरे तल पर अवस्थित सभागार में निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक एवं राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे।

निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमें प्रत्येक कार्मिक को जागरूक करने के साथ साथ नये-नये तकनीकों को अंगीकार करने की आवश्यकता है। निदेशक हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि यह राजभाषा की बैठक ही नहीं है,अपितु हमारे कार्य का ही एक महत्वपूर्ण भाग है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों/क्षेत्रों को समग्र रूप से राजभाषा संबंधी कार्यों में उत्तरोतर वृद्धि के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तथा जब हम दैनिक संवाद हिंदी भाषा में ही करते हैं तो कार्यालयीन कार्यों में भी इसका प्रयोग सहजता से किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक बैठक में अच्छे कार्य करने वाले विभागों और क्षेत्रों शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए।

महाप्रबंधक संजय कुमार ठाकुर ने राजभाषा संबंधी गतिविधियों से सबको अवगत कराया। बैठक में मूल रूप से हिंदी में पत्राचार, टिप्पण आलेखन व अन्य कार्यालय संबंधी कार्य करने संबंधी प्रोत्साहन योजना तथा हिंदी पुस्तक लेखन प्रोत्साहन योजना इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई। राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तकनीकी : एनआईएमसी विभाग, गैर तकनीकी : सामान्य प्रशासन विभाग एवं क्षेत्र : रजरप्पा क्षेत्र को चल शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजभाषा एवं अन्य विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# जीडी गोयनका स्कूल में बच्चों को खिलायी गयी फाइलेरिया रोधी दवा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रोकथाम इलाज से बेहतर है। इस कहावत को चरितार्थ करते हुए शनिवार को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, रांची में फाइलेरिया से बचाव के लिए छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी गयी। मौके पर बताया गया कि झारखंड में रहने वाले सभी चार करोड़ लोगों को इस बीमारी के होने का खतरा है, इसलिए बचाव जरूरी है। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामकुम रांची की देखरेख में किया गया। स्वास्थ्य केंद्र से कई कर्मचारी आये थे, जिन्होंने अपने सामने छात्र-छात्राओं को दवा खिलायी। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय के सहनिदेशक अमन सिंह ने विद्यालय के कर्मचारियों की प्रशंसा की।

# रांची में लिगामेंट इंजुरी की सर्जरी पर सम्मेलन आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में रविवार को दूरबीन द्वारा घुटनों के इलाज पर एकदिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन की महत्वपूर्ण बात यह है कि कडरू स्थित डॉ लाल अस्पताल में डॉ रोहित लाल की मौजूदगी में लिगामेंट इंजुरी की पांच सर्जरी होगी, जिसका सीधा प्रसारण बीएनआर चाणक्या में सम्मेलन में भाग ले रहे चिकित्सक देख पायेंगे।

लाल हॉस्पिटल के एडमिनिस्ट्रेशन हेड गौरव विशाल ने बताया कि रविवार को घुटनों के लिगामेंट इंजुरी की सर्जरी पर सम्मलेन बीएनआर चाणक्या में होगा।

उन्होंने कहा कि घुटनों की लिगामेंट इंजुरी सामान्य तौर पर स्पोर्ट्स पर्सन को खेलते वक्त हो जाता है। इससे खिलाड़ी का घुटना अनस्टेबल और कमजोर हो जाता है। इसका उपचार दूरबीन द्वारा किया जाता है। मरीज अगले दिन से ही चलने लगता है और सात से आठ दिनों में ग्राउंड में खेलने भी जा सकता है। उन्होंने बताया कि डॉ लाल अस्पताल में प्रतिष्ठित चिकित्सकों द्वारा यह सर्जरी मुफ्त में की जा रही है।

# देवकमल हॉस्पिटल में कटे-फटे होंठ और तालू की नि:शुल्क सर्जरी शिविर 27 तक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देवकमल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर एवं इंडियन ऑयल के सहयोग से मिशन स्माइल संस्था द्वारा बिना किसी खर्च के कटे-फटे होंठ और तालू की निःशुल्क सर्जरी देवकमल अस्पताल में की जा रही है। यह शिविर शनिवार (24 फरवरी) से शुरू हुआ, जो 27 फरवरी (मंगलवार) तक चलेगा।

शनिवार को शुभारंभ के दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जॉन एफ केनेडी, निदेशक, स्वास्थ्य विभाग थे। मौके पर इंडियन ऑयल से मलेश राय, महाप्रबंधक, एवं राकेश रोशन (सीएसआर प्रमुख) भी मौजूद थे। समारोह के अतिथि के रूप में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, आदित्य मल्होत्रा, वाइस चैयरपर्सन उपस्थित थे।

देवकमल हॉस्पिटल के सीइओ डॉ अनंत सिन्हा भी संपूर्ण कार्यक्रम के दौरन मौजूद रहे। कार्य का संपूर्ण संचालन एमडी रफी की देख रेख में किया गया। इस कैंप में लगभग 100 से 150 मरीजों के कटे-फटे होंठ एवं तालू की मुफ्त सर्जरी का लक्ष्य है।



# विद्युतकर्मी एकजुट होकर लड़ाई लड़ें, तभी सफलता मिलेगी : राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ पश्चिमी डिवीजन के अंतर्गत रातु, ब्राम्बे, मांडर, खलारी,बचरा आदि में कार्य कर रहे विद्युत कर्मियों की बैठक शनिवार को जलील अंसारी कि अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ के केंद्रीय अध्यक्ष बतौर मुख्य अतिथि अजय राय शामिल थे।

बैठक में अजय राय ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी विधुतकर्मी एकजुट होकर अपनी लड़ाई मजबूती से लड़ें तभी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि रविवार को रांची प्रेस क्लब में प्रातः 10:00 बजे से आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में आंदोलन की रणनीति तैयार कर पूरे राज्य स्तरीय कार्यक्रम चलाये जाएंगे ताकि विधुतकर्मियों का वाजिब हक दिलाया जा सके। कर्मियों ने बैठक के उपरांत विधुत विभाग कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में जलील अंसारी,सुरेंद्र सिंह, शिव कुमार बैठा, कृष्णा महतो, इस्माइल अंसारी,अनवर अंसारी, अहमद अंसारी, रवि ठाकुर, दिनेश गोप, रियाजुल अंसारी, भरत कुमार, विकास कुमार, आकाश मुंडा, नियामत अंसारी, हकमूल अंसारी, संदीप कुमार सहित अन्य शामिल थे।




# शैक्षणिक भ्रमण के बाद लौटे रांची

**रांची।** आठ दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के बाद शुक्रवार को कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन अनगड़ा के बीएड व डीएलएड के कुल 44 प्रशिक्षुओं का दल गरीब रथ ट्रेन से वापस रांची पंहुचा। दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों के ऐतिहासिक व पर्यटन स्थलों के भ्रमण के क्रम में प्रशिक्षणर्थियों ने दिल्ली में बने नये संसद भवन, इंडिया गेट, राष्ट्रपति भवन आदि का भ्रमण करते हुए मसूरी के कैम्पटी फॉल, कंपनी गार्डन भी घूमे।

# श्री श्याम मित्र मंडल ने किया 101वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल ने शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 101वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया। श्री श्याम मंदिर से जुड़े राजकुमार नारसरिया,उषा नारसरिया, विवेक नारसरिया,, सोनी मनीष और ज्योति कुमारी नारसरिया ने श्री श्याम भंडारे का महाप्रसाद मंदिर में विराजमान खाटूनरेश शिव परिवार सहित अन्य भगवान को अर्पित कर चौखट पर माथा टेका। श्री श्याम भंडारे के मौके पर पूरा श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भरा हुआ था। हरमू रोड में लंबी-लंबी कतार लगी हुई थी। खाटूनरेश की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में भंडारे का प्रसाद वितरण किया जा रहा था। लगभग 3100 से ज्यादा भक्तजनों ने श्री श्याम भंडारा का महाप्रसाद प्राप्त किया। इसके पूर्व आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर प्रात 9:15 बजे से मंदिर में 22 वा श्री शालिग्राम पूजन व श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन हुआ । जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों ने भाग लिया।

# संस्थान एवं नयी पीढ़ी के हित में अल्युमनाई एसोसिएशन को शक्तिशाली बनाने पर जोर

## कृषि महाविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का 15वां सम्मेलन आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के उपनिदेशक साजी थॉमस ने कहा कि अपनी मातृ संस्था और विद्यार्थियों की नई पीढ़ी के विकास में किसी भी एलुमनाई एसोसिएशन का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अमेरिका में ये संगठन बहुत शक्तिशाली होते हैं तथा प्रत्येक वर्ष भव्य उत्सव के साथ उनका मिलना होता है। वह सोमवार को रांची कृषि महाविद्यालय पूर्ववर्ती विद्यार्थी संघ के 15वें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्था के विकास तथा छात्र-छात्राओं की नई पीढ़ी को समुचित करियर परामर्श एवं मार्गदर्शन देने के लिए ऐसे संगठनों का सशक्त होना आवश्यक है। पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रोफेशनल दुनिया में आने पर जिंदगी चुनौतियों से भरी होती है जिससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। थॉमस ने कृषि महाविद्यालय से 1983 में स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी तथा आईएआरआई, नई दिल्ली से मास्टर डिग्री प्राप्त करने के बाद पिछले तीन दशकों से विश्व बैंक और आईएमएफ में कार्यरत रहे।

सम्मेलन में वानिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ एम एस मलिक, कृषि संकाय के डीन न डॉ डीके शाही, एलुमनाई एसोसिएशन (एरेक) की अध्यक्ष डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती तथा सचिव डॉ अरुण कुमार तिवारी ने भी अपने विचार रखे। सम्मेलन में देश के विभिन्न भागों से आये आरएसी के लगभग 200 पूर्ववर्ती विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।



## खबर एक नजर में

### प्रदेश अंगिका समाज का नारायण सेवा कार्यक्रम आज

**रांची।** झारखंड प्रदेश अंगिका समाज के सौजन्य से चलाये जा रहे नारायण सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को दिन में 11:00 बजे नारायणों के बीच भोजन पैकेट का वितरण किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए प्रदेश अंगिका समाज के महासचिव डॉ श्रीमोहन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जगन्नाथपुर मंदिर धुर्वा में होगा। इस अवसर पर अंगिका समाज के गण्यमान्य सदस्य उपस्थित होकर अपने-अपने हाथों से नारायणों को भोजन पैकेट उपलब्ध करायेंगे।

### पटेल बीएड कॉलेज में मनी रविदास जयंती

**रांची।** गुरु रविदास जयंती के अवसर पर पटेल बीएड कॉलेज मे पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनायी गयी। उनके नैतिक आचरण और उनकी उपलब्धियों के बारे मे छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर सभी शिक्षक, विद्यार्थी और कॉलेज के सभी सदस्य उपस्थित थे।



### रांची के तीरंदाज दीपक को स्वर्ण, सावित्री को कांस्य पदक

**रांची।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स तीरंदाजी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस रांची के तीरंदाज दीपक कुमार ने टीम स्पर्द्धा में गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को हराकर स्वर्ण पदक जीता एवं रिकर्व तीरंदाज सावित्री कुमारी ने व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीती है। झारखंड ने कुल 02 पदक हासिल किया है। सावित्री कुमारी रांची यूनिवर्सिटी को प्रतिनिधित्व किया है।



### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में हुए कई अनुष्ठान

**रांची।** माघी पूर्णिमा व्रत के उपलक्ष्य पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में हुआ कयी अनुष्ठान। भक्तों के भारी भीड़ से मंदिर परिसर भरा हुआ था। भक्तों के जय-जयकार और निरंतर मंत्रों से मंदिर परिसर गुंज रहा था। श्रद्धालुओं ने अपने अभीष्ट मनोरथों की पूर्ति के लिए अर्चना कराया और मंगल प्रार्थना किया। सत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर पूजन और अनुष्ठान संपन्न कराया। इस मौके पर प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, सुशील लोहिया, गौरीशंकर साबू, ओमप्रकाश गाड़ोदिया के अतिरिक्त सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया।



### जेसीआइ ने की गौ सेवा

**रांची।** जेसीआइ ने शनिवार को हरमू रोड स्थित राँची गौशाला में गौ माता की सेवा कर उन्हें गुड, हरी सब्जी, रोटी खिलाया एवं पक्षी को दाना दिया। इस अवसर पर जेसीआई अध्यक्ष जेसी विक्रम चौधरी ने कहा की युवाओं को गौ सेवा कार्य में जुट कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम संचालक अमन पोद्दार, दीपक पटेल एवं रविकांत समोता के अलावा संस्था के सचिव जेसी मयंक अग्रवाल, नीरज पोद्दार, रोहित जैन, निखिल अग्रवाल, प्रतीक जैन, संकेत सरावगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



### विजयवर्गीय वैश्य सभा ने मनायी श्रीरामचरण महाराज की जयंती

**रांची।** विजयवर्गीय वैश्य सभा ने शनिवार को स्मरणीय 1008 स्वामी श्रीरामचरण महाराज की जन्मजयंती मनाई गई। मुख्य आयोजन सर्जना चौक स्थित राम मंदिर में किया गया। जिसमें विजयवर्गीय समाज के भाई-बहन उपस्थित हुए। दीप प्रज्वलित कर विजयवर्गीय सभा रांची के अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया, पूजा अर्चना के पश्चात भजन कीर्तन का सुमधुर कार्यक्रम किया गया।



### नियम विरुद्ध परमिट जारी होने पर आंदोलन : दिनेश सोनी

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र पांडे ने शनिवार को संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा है कि परमिट मामले को लेकर पूरे रांची शहर में ऑटो चालकों के बीच अफवाह फैलाई गई है की आरटीए कार्यालय से परमिट मिल रहा है। मगर पूर्व का परमिट जो लगभग 200 रिक्त बचा हुआ है,उस परमिट मामले को लेकर महासंघ के पदाधिकारी के साथ जब तक बैठक नहीं हो जाता है। तब तक आरटीए कार्यालय से एक भी परमिट किसी को गलत नियम अनुसार जारी करते हैं, तो मजबूर होकर महासंघ के सभी पदाधिकारी परिवहन विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे।



स्पीड न्यूज

### रातू : रानी बगीचा से स्कूटी की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के रानी बगीचा रोड नंबर-4 से अपराधियों ने राजेश कुमार सिंह की स्कूटी जेएच 01 बीवाई 5816 की चोरी कर ली। घटना शनिवार शाम करीब 6 बजे की है। स्कूटी उनके घर के बाहर खड़ी थी। मामले को लेकर रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### सिकिदिरी में अज्ञात वाहन के धक्के से बुजुर्ग घायल

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के ढेलवाखुट्टा में शनिवार की शाम करीब पांच बजे अज्ञात वाहन के धक्के से तुलसी सोनार 84 वर्ष घायल हो गए। वे सांसद प्रतिनिधि सुजित कुमार सोनी के पिता हैं। घायल का ईलाज स्थानीय चिकित्सक से कराया गया है। वाहन गोला की ओर से आ रही थी। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने वाहन का पीछा किया, लेकिन चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा।

### सोनाहातू में आधा दर्जन घरों में चोरी

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के मारचाडीह और एडरमहातू गांव में अज्ञात चोर द्वारा घर का दरवाजा तोड़ कर छह घरों से नगद राशि, बर्तन और जेवरात की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। इस संबंध में थाना में मामला दर्ज कराया गया है। ग्रामीणों के अनुसार अशोक कुमार महतो, शिवनाथ कोईरी, मनोहर सिंह मुंडा, सूरज सिंह मानकी, लखिचरण मछुवा, मनोज सिंह मुंडा, फोलाहारी कोईरी, सहोदर महतो के घर से चोरी हुई है। इन घरों के सदस्य घर के दूसरे कमरे में सो रहे थे। घटना 1 से 2 बजे के बीच बतायी जा रही है। गुरुवार रात को भी बारेंदा हाई स्कूल से इनभेटर, बैटरी, कम्प्यूटर आदि के उपकरण की चोरी हुई थी। पुलिस छानबीन कर रही है।

### लापुंग साईं मंदिर में पर्यावरण मंच की बैठक 27-28 को

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के सरसा ग्राम स्थित साईं मंदिर के परिसर में आगामी 27 व 28 फरवरी को पर्यावरण मंच ;भारतीय मजदूर संघद्ध के राष्ट्रीय कार्य समिति की दो दिवसीय बैठक रखी गई है। इस बैठक में राष्ट्रव्यापी पर्यावरण की बिगड़ती स्थिति तथा जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को दिन के ग्यारह बजे सरसा ग्राम में होगा। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय महामंत्री रविंद्र हिमटे और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री अशोक भगत शामिल होंगे।

### शबे बारात को लेकर मुरी ओपी में शांति समिति की बैठक

**मुरी।** मुरी ओपी में शबे बारात को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें प्रखंड के बीडीओ रेनू बाला, थाना प्रभारी कुंदन कुमार एवं मुन्ना सिंह और सामने समाज के गण्यमाण्य लोग उपस्थित हुए। इनमें बांसारुली के मुखिया लालू उरांव, सीमा गोंझु, जमीरूद्दीन, नौसाद, आजसू के फारूक, सुशील महतो, पंचायत समिति के सदस्य और राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने कहा कि मुरी-सिल्ली में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई में भाईचारा का मिसाल है। सभी धर्म के लोग मिलजुल कर रहते हैं। उन्होंने शबे बारात में शांति बनाये रखने की अपील की।

### एससी-एसटी ओबीसी एकता मंच ने मनाई रविदास जयंती

**खलारी।** एससी एसटी ओबीसी एकता मंच के तत्वधान में अंबेडकर पार्क डकरा में संत श्रोमणि रविदास जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संत रविदास के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया। वही इस अवसर पर रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अधीक्षक बिगन सिंह भोगता सहित तमाम नेताओं ने संत रविदास के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## 647वीं जयंती पर श्रद्धा के साथ याद किये गये संत शिरोमणि गुरु रविदास

# गुरु रविदास के विचारों से प्रेरणा लें विद्यार्थी

### 1377 ई में हुआ था जन्म, चित्र पर किया माल्यार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** संत शिरोमणि गुरु रविदास 647वीं जयंती पर बड़े ही श्रद्धा के साथ याद किये गये। उनका जन्म 1377 में उतर प्रदेश के वाराणसी में हुआ था। मुख्य समारोह जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज की ओर से बिजुलिया में संचालित बुद्धा नर्सिंग कॉलेज सभागार में आयोजित किया गया। संस्थान के प्रबंध निदेशक भंते जैनेंद्र तथागत ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि जब समाज में कर्मकांड, जातिवाद, छुआछुत और अंधविश्वास चरम पर था, तब भगवान रविदास आम जनमानस की आवाज बन कर उभरे। श्री तथागत ने उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने पर जोर देते हुये छात्रों को उनके विचारों से प्रेरणा लेने की अपील दी। संचालन प्राचार्या संध्या खलखो ने किया।



### कांके के चेड़ी में मनी रविदास जयंती

**रातू/ कांके।** कांके के चेड़ी में संत रविदास जयंती पर विधि .विधान से पूजा .अर्चना की गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कलाकारों ने गायन कला की छटा बिखेरी। लोगों ने इसका खूब लुत्फ उठाया। समारोह में विजय सिंह व ठानो मुंडा ने गुरू रविदास की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर समिति अध्यक्ष श्री गजेन्द्र राम, अन्तू राम, रविरंजन राम, बासुदेव राम, विनोद राम, योगेन्द्र राम, राजेश राम, बालेश्वर राम, सुनोल राम, अशोक राम, राजदेव राम, देवेन्द्र राम, बाबूलाल राम व मुनी लाल राम आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

निदेशक प्रियांशु कुमार, प्रबंधक हिमांशु कुमार सिंह, अकेडमिक हेड आशीष कुमार, निकिता कुजुर, हिना परवेज, मो तौहिद, दीपक रजक, आरपी सिंह, मुंसाद मंझर, परमेश्वर महतो, कुंदन कुमार, साकिब आलम, जुगनू कुमार, मोकिम अहमद, छात्र-छात्रायें व कर्मी आदि।

### धमधमिया में मनी रविदास जयंती

**खलारी।** रविदास समाज के द्वारा धमधमिया में संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष कुमार महली एव बिशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली ने संत रविदास के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पर्पित किया गया। उसके बाद लोगों ने बारी बारी से संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान मुख्यतिथि ने संत रविदास के जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके आदर्श पर चलने एव उनके विचारों को आत्मसात करने की बात कही। मुखिया संतोष कुमार महली ने कहा संत रविदास के आदर्शों पर चलना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में प्रसाद एव खिचड़ी का वितरण किया गया। इस मौके पर रंजीत राम अयोध्या राम सुमित दास बलराम राम सागर रवि दिलीप राम कृष्णा राम विनय राम सुरेश राम रोहित राम राजकुमार राम ललन राम रमेश राम रंजन राम धनेश्वर राम अरुण राम भोला राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अबुआ आवास में गड़बड़ी पर ओरमांझी में ग्रामीणों का प्रदर्शन



ओरमांझी मुख्यालय विरोध प्रदर्शन करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी जारी है। अब पैसे लेकर अबुआ आवास बिक्री करने का एक नया मामला प्रखंड के कुटे पंचायत से आया है। शनिवार को कुटे पंचायत से पहुंचे दर्जनों ग्रामीणों द्वारा इसे लेकर प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन भी किया गया। प्रदर्शन करने वालों नें बताया कि जीओ टैग करने के नाम पर पैसे की असुली की जा रही। जो पैस दे रहे उसको अबुआ आवास मिल रहा है। वही गरीब व जुरूरतमंदों योजना का लाभ नही ले पा रह हैं। ग्रामीणों ने बीडीओ विजय कुमार को एक ज्ञापन सौंप जांचकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। प्रदर्शन करने वालों में कलाम अंसारी, मोबारक अंसारी, नाजीन प्रवीन, अयाज अंसारी, सलमान खुर्शीद, समसेर आलम, सकील अंसारी, सफीकुन निशा, आशीया खातुन, अकलीमा खातुन, रोनी प्रवीन, रूकसार प्रवीन, नाजिया तबसुम, गुलषान निशा, रबीना खातुन, फरजाना खातुन, समीदुन खातुन, हसरतुन निशा सहित कई लोग शामिल थे।

एक नजर में

### हुटाप में झामुमो ने निकाली न्याय यात्रा




**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी के द्वारा प्रखंड के हुटाप पंचायत के भैंसा दोईन ग्राम में प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान के नेतृत्व लोकप्रिय नेता का न्याय यात्रा निकाला गया। इस यात्रा में केंद्र सरकार सरकारी एजेंसियों के द्वारा हेमंत सोरेन के ऊपर साजिश के तहत उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। और इसी साजिश के तहत जेल भेज दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में प्रजा के लिए महत्वपूर्ण योजना बनाएं है। भाजपा सरकार को घबराहट हुई और उन्हें जेल भेजवाने का काम किया। मौके पर अनिल पासवान सुभाष प्रजापति कलम रिजवी राजेश प्रसाद राजकुमार गन्झु गौतम यादव शंभू दास हैदर अली खान हरिप्रसाद गुप्ता धनराज गंझू हंसराज गंझू बालेश्वर गंझू शिवलाल लोहारा कुलदीप तुरी महावीर गंझू बालिका गंझू छोटू गंझू लालो देवी सधनी देवी सुकरी देवी अनीता देवी बुधनी देवी गीता देवी उगानी देवी आरती देवी तेतरी देवी इत्यादि अन्य उपस्थित थे।

### गुरुकुल पाठशाला गेट का उदघाटन



**ठाकुरगांव।** आदिवासी बाल विकास विद्यालय ठाकुरगांव में सांसद मद से बने गुरुकुल पाठशाला गेट का उदघाटन शनिवार को किया गया। उदघाटन सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल, बीडीओ धीरज कुमार, सांसद प्रतिनिधि अशोक नायक ने किया। मौके पर सांसद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में उक्त विद्यालय शिक्षा का अलख जगा रहा है। साथ ही उन्होंने विद्यालय के विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। वहीं विधायक ने अपने कोष से स्कूल में साइकिल शेड बनाने का घोषणा किया। मौके पर रामकुमार दुबे, प्राचार्य प्रभात तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष उतपल शाहदेव, कमल मोदी, शहानंद गोप, मनपुरण प्रजापति समेत अन्य मौजूद थे।

### विधायक ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**अनगड़ा।** विधायक राजेश कच्छप ने शनिवार को प्रखंड खाद गोदाम से संत अलोईस स्कूल अनगड़ा तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक मद से इसका निर्माण होगा। मौके पर विधायक की धर्म पत्नी रिया तिर्की सहित प्रमुख दीपा उरांव शिवदास गोस्वामी एतवा उरांव समीम खान शफीक अन्सारी शहनाज परवीन अनीता देवी छोटेलाल महतो दशरथ पहान सरीता देवी युनुस अंसारी विद्यालय की सिस्टर शिक्षक शिक्षिका सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रातू के काठीटांड़ चौक से हटाई जाएगी बैरिकेटिंग : थानेदार

### चेंबर ऑफ कॉमर्स और पुलिस की बैठक

- दुकानदारों ने रखी समस्याएं, रात्रि प्रहरी की बढ़ेगी संख्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** काठीटांड चौक से बैरिकेटिंग हटा ली जायेगी। इससे दुकानदार व इलाके के ग्राहकों की परेशानी दूर होगी। अल्वता जाम पर कॉमर्स को काबू रखना होगा। इसमें पुलिस का भी सहयोग रहेगा। इस आशय का निर्णय शनिवार की शाम चेंबर ऑफ कॉमर्स व थानेदार शशिभूषण चौधरी के बीच हुयी बैठक में लिया गया। इससे पूर्व सदस्यों ने बैरिकेटिंग से उत्पन्न समस्याओं से श्री चौधरी को अवगत कराया। उन्होंने चौक में तैनात रात्रि प्रहरी को अपर्याप्त बताया और इसकी संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया। इस पर कॉमर्स ने तेजी से अमल किये जाने की बात कही। मौके पर ज़िला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, चेंबर अध्यक्ष अरविंद पांडेय, हीरामणि साहू, प्रदीप सिंह, राजीव रंजन मिश्र, सुनील सिंह, सुबोध साहू, बिशू शर्मा, मुकेश तिवारी, शैलेंद्र कुमार, रवि साहू, महेश साहू, मिथलेश कुमार व विशाल साहू आदि मौजूद थे।

## हाई कोर्ट से प्राचार्या और सचिव को मिली जमानत

### कृषक उवि में बच्चियों की पिटाई का चर्चित मामला





### साक्षी ने की थी आत्महत्या

अधिवक्ता द्वय ने बताया कि विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव और शिक्षक-शिक्षिकाओं पर 10वीं की छात्रा साक्षी, असिता और रिया के साथ 22 अगस्त को दिन के साढ़े तीन बजे छड़ी से पिटाई कर जख्मी कर दिये जाने का आरोप था। परिजनों की फटकार से आहत होकर साक्षी ने आत्महत्या करने के उद्देश्य से कीटनाशक पी ली थी। उसे कटहल मोड़ स्थित रिंची ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स में भर्ती कराया गया था। 28 अगस्त की सुबह 8 बजे उसकी मौत हो गयी थी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की अदालत ने कृषक उच्च विद्यालय गड़री गुडू में बच्चियों के साथ पिटाई की चर्चित मामले में पूर्व प्राचार्या सीमा कुमारी और पूर्व सचिव अशोक कुमार महतो को जमानत दे दी है। इससे पूर्व उप प्राचार्या मेलसा स्वेता तिर्की और सहायक शिक्षक निरंजन कुमार महतो को न्यायमूर्ति अंबुज नाथ की अदालत से जमानत मिली थी। श्री महतो और सुश्री कुमारी को पुलिस ने 4 सितंबर 2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। जबकि निरंजन व स्वेता 13 सितंबर को प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट राजकुमार पांडेय के न्यायालय में आत्मसमर्पण किये थे। घटना को लेकर साक्षी की मां सुमन देवी और असिता व रिया की मां कमला उराइन ने चारों के खिलाफ रातू थाने में कांड संख्या 342-23 दर्ज करायी थी। यह जानकारी सीनियर अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह और राजा रवि शेखर सिंह ने दी।

## इस्लाम अमन का पैगाम देता है : मौलाना सोहराब

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड के कुर्गी गांव स्थित जामा मस्जिद के तामीर व तौसीह को लेकर जलसा का आयोजन किया गया। जलसा को संबोधित करते हुए कोलकाता से आये मौलाना सोहराब ने कहा कि इस्लाम अमन का पैगाम देता है। पैगम्बर मुहम्मद सअस ने विश्व में मानव जाति के कल्याण का पैगाम दिया है। पैगम्बर मुहम्मद सअस के बताये मार्ग पर चलकर ही दोनों जहां की कामयाबी है। उन्होंने नमाज जैसी इबादत से मस्जिद को आबाद करने और उसके निर्माण में सहयोग करने की बातें कही। मौलाना मुजफ्फर चतुर्वेदी ने कुरआन, गीता, बाइबल सहित ग्रंथों की स्तुति कर लोगों को उसके उपदेश और आदर्शों की जानकारी दी। मौके पर शायर शमशेर जहांनागंजवी यूपी के द्वारा शानदार नातिया कलाम प्रस्तुत किया गया। जलसा तामीरे जामा मस्जिद को सफल बनाने में अंजुमन इस्लामिया नौजवान कमिटी कूर्गी के इरशाद आलम, इरफान आलम, गुड्डू अंसारी, अफजल कुरैशी, अबरार आलम, मास्टर सरफराज, नौशाद आलम, अनल होदा, अजहर,



टुन्नू कुरैशी, तनवीर, नेयाजुल, जमील अख्तर, तबरेज, महफूज कुरैशी, मो मोजम्मिल, मो अकील, मो राजिक, हाजी अमन, मो मुश्ताक सहित युवाओं का सराहनीय योगदान रहा।

### पीएम फसल बीमा की राशि नहीं मिलने से किसान परेशान

**मुरी।** सिल्ली थाना सटे गोला प्रखंड अंतर्गत बरलंगा गांव के दर्जनों किसान वर्ष 2018 के प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि का भुगतान नहीं होने के कारण काफी परेशानी हालत में हैं। पूंजी के अभाव में कई समस्याओं से ग्रसित हैं। आवेदन के अनुसार उन्होंने फसल बीमा राशि के भुगतान हेतु झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, रामगढ़ जिला के उपयुक्त और स्थानीय मुखिया को आवेदन दिया था। यह आवेदन डाक के द्वारा दिया गया और मौखिक भी।

## सदानों को अधिकार के लिये संगठित होना होगा

### रांची में 27 को सदान अधिकार मार्च की तैयारी को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** मूलवासी सदान मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सदानों को अधिकारों के लिये सजग और संगठित होना होगा। 27 फरवरी को मोरहाबादी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल से राजभवन तक आहूत सदान अधिकार मार्च में सूबे के हजारों लोग जुटेंगे। इसके बाद राज्यपाल को 16 सूत्री ज्ञापन सौंपा जायेगा। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। वह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर काठीटांड़ चौक के विशाल कॉम्प्लेक्स में आयोजित बैठक को बतौर मुख्य



अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य गठन से अब तक बनी सरकारों पर सदानहितों की अनदेखी और वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया अध्यक्षता मुरारी गुप्ता ने की, जबकि संचालन बासुदेव महतो ने किया। मौके पर राजेश कुमार, विशाल कुमार साहू, संजय साहू, बबलू गोप, कामेश साहू, शिव कुमार साहू, त्रिलोक साहू, मुकेश, नितेश तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी व आरएन महतो आदि मौजूद थे।

## चन्दन गुफा कोहबर धाम में माघ पूर्णिमा पर लगा जतरा मेला

**पिपरवार।** माघ पूर्णिमा के अवसर पर चन्दन गुफा कोहबर धाम में जतरा मेला अयोजन किया गया। जतरा मेला बतौर मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा विधायक किशुन कुमार दासए भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्राए सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। चन्दन गुफा कोहबर धाम जतरा मेला का मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विधिवत्त उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक किशुन कुमार दास की आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र एवं बुके देखकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने बड़ी.बड़ी से अपने विचार रखें इस दौरान विधायक श्री किशुन कुमार दास कि चन्दन गुफा धाम में फेवर ब्लॉक रोड तथा पीसीसी रोड बनवाने कि घोषणा कि और आदिवासियों के हो रहे धर्म परिवर्तन पर गंभीर चिंता की और उन्होने कहा कि कोई भी धर्म परिवर्तन करने आए तो उन्हें खदेड़ने का काम करें। विधायक श्री किशुन कुमार दास एवं कई अतिथियों के प्रस्थान किए जाने के बाद चन्दन गुफा धाम जतरा में नागपुरी ओराकेस्ट का उद्घघाटन किया गया। मौके पर विधायक किशुन कुमार दास अच्छेवाट पांडे मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा राजेश महतो रमेश मुंडा विजय चौबे राधा देवी रीमा देवी संजय भोगता करण महतो मौजूद थे।

## प्रवचन : विद्यार्थियों ने जाना संस्कारिक शिक्षा का महत्व



कथावाचिका आराध्या।

### भंडारे के साथ डहु बरटोली में श्री श्री देवी मंदिर वार्षिक महोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** श्रीश्री देवी मंदिर डहु बरटोली प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव के अतिम दिन वेदी पूजन हवन पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व रात्रि में झांसी उत्तर प्रदेश की कथा वाचक आराध्या ने मानस चरित्र का प्रसंग में चक्रवती सम्राट राजा दशरथ का चरित्र चितरण करते हुए देवा असुर संग्राम की कथा सुनायी। कहा रघुकुल सदा चली आई जा जाए पर वचन न जाए, श्रीरामचंद्र ने अपने पिता का वचन निभाने को 14 वर्ष तक वनवास पर निकल पड़े थें। उन्होने श्रीराम का चरित्र चित्रण करते हुए विद्यार्थी को क्यों संस्कारिक शिक्षा ग्रहण करना चाहिए विस्तार पूर्व वर्णन किया। काफी संख्या में गांव की महिलाएं भक्तिमय वातावरण में कथा का श्रवण किया। वही शनिवार को आयोजित भंडारे में भी काफी संख्या में लोग पहुंचे थें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, वनमाली महतो, आयोजन समिति के अध्यक्ष भुनेष्वर महतो, सचिव रामएकबाल तिवारी, कोषाध्यक्ष सुरेश महतो, मुख्य संरक्षक सोनालाल महतो, बलराम महतो, नागेश्वर महतो, कुलेष्वर ठाकुर, महेश्वर मेहता, मुख्य पुजारी जगनू पाहन, करमु मुंडा, अनिल महतो, दिलीप महतो, राजेश्वर महतो, साहवीर महतो के अलावे काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थें।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in." के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

आम सूचना

झारखंड भवन उपविधि 2016 यथा संशोधित की धारा 61.16 में ग्रुप हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत अनिवार्य प्रावधान के अंतर्गत **"पर्ल आर्किड"** अरगोड़ा कठहल मोड़ रोड, राँची में EWS/LIG प्रकार के निर्मित फ्लैट्स के आबंटन/बिक्री हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त EWS/LIG प्रकार के निर्मित फ्लैट्स का आबंटन/बिक्री नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार के गाइड लाइन के नियमानुसार किया जाएगा।
निवेदक
मोती इन्फ्रास्ट्रचर्स
अरगोड़ा, कठहल मोड़ रोड, राँची
फोन नं. 9430737562

## स्पीड न्यूज

### भाजयुमो के प्रदेशमंत्री अजातशत्रु ने नाग नागिन माघ पूर्णिमा मेले का किया उद्घाटन



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के नक्सलग्रस्त और सुदूरवर्ती गांव साके में वर्षों से आयोजित होने वाले साके धरधरिया नाग नागिन माघ पूर्णिमा मेले का उद्घाटन भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशमंत्री अजातशत्रु ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वहां निवास करने वाले आदिवासी समुदाय जो कि सनातन धर्म का अभिन्न अंग है वे लोग इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। उनके साथ भेंट होने पर अपनी पुरातन संस्कृति का अनुभव एवं प्रसन्नता होती है। जतरा और मेला का पुरातन काल से ही गांव और झारखण्ड की पहचान रही है। यह पुराने समय में लोगों के जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग हुआ करता था। लोगों के जीवन के बहुत सारे निर्णय इनमें हुआ करते थे। आज धीरे धीरे यह रीति कम हुई है परन्तु हमसबों का यह कर्तव्य है कि इसे हम संजो कर रखें। आदिवासी समाज के द्वारा आज भी इसे सहेज कर रखा गया है। मौके पर जिला महामंत्री बाल्मीकि साहू, रामजीत यादव, शंकर, प्रकाश आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संत रविदास की जयंती मनायी गयी



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को संत रविदास की जयंती धूम धाम से मनाई गई। प्रभारी प्रधानाचार्य व वरिष्ठ आचार्य देवा उरांव द्वारा कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्वलन करके व संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पर्पित करके किया गया। देवा उरांव ने संत रविदास के जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्होंने बताया कि संत रविदास महान समाज सुधारक थे। अपने कार्यों से वो समाज को नई दिशा दिखाई। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने भी संत रविदास जी के बारे में विस्तृत रूप में बताया तथा कहा की संत रविदास को भक्ति भाव में गहरी रुचि थी। भैया बहनों के द्वारा व जयंती प्रमुख शांति नाग,विनोद आचार्य व प्रभा दीदी जी द्वारा भी संत रविदास के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य वृंद उपस्थित थें।

### चिलदाग के टुसू मेला में दिखी छोटानागपुरी संस्कृति की झलक

**अनगड़ा।** प्रखंड के चिलदाग सती स्थल पर शनिवार को सती टूसू मेला का आयोजन संपन्न हुआ। मेला में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा आकर्षक टूसू का प्रदर्शन किया गया मेला में छोटानागपुरी सांस्कृति की झलक दिखी । मेला में आस पास के गांव टोला से काफी संख्या में महिला पुरुष युवक युवतियां बच्चों ने भाग लेकर मेला का लुत्फ उठाया मेला में अतिथि के रूप मे राज्यसभा सांसद अदित्य प्रसाद साहू सांसद संजय सेठ खिजरी विधायक राजेश कच्छप पूर्व सासद रामटहल चौधरी प्रमुख दीपा उराव जिप सदस्य अनुराधा मुन्डा भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो डॉ अमर कुमार चौधरी मुखिया दुर्गा पहान जैलेन्द्र कुमार अमरनाथ चौधरी सहित मेला आयोजन समिति के सदस्यगण मुख्य रूप से उपस्थित थे । अतिथियों ने कहा कि टूसू मेला छोटानागपूर की संस्कृतिक विरासत है और इसे बचा कर रखना है। अतिथियों के हाथों ट्रसू प्रदशनी और फूटबॉल मैच के विजेता एवं उप विजेता को सम्मानित भी किया गया।

### अनुमंडल स्तरीय ग्राम प्रधान संघ की बैठक

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारूहातू पंचायत सचिवालय भवन में शनिवार को बुंडू अनुमंडल ग्राम प्रधान संघ की बैठक मुंडा श्रीकृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन गोपाल सिंह मानकी ने की। बैठक में पेशा कानून को शक्ति से लागू करने, ग्राम सभा के शक्तियां को हनन कर कमजोर किये जाने, राजभवन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, बढ़ते मंहगाई को देखते हुए सम्मानित राशि देने, चयनित योजनाओं का ग्राम सभा द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र लेने अन्यथा अपूर्ण माना जाएगा आदि विषयों पर चर्चा की गयी। मौके पर मानकी जगन्नाथ सिंह मुंडा, तेज नारायण सिंह मानकी, जगतपाल बड़ाइक, दिनाई सिंह मुंडा, बीर सिंह मुंडा, ठाकुर मनमोहन सिंह, यदुगोपाल सिंह मुंडा, राधा गोविंद सिंह मुंडा, ब्रजकिशोर सिंह मानकी आदि मौजूद थे।

### विधायक ने किया स्कूल भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास



**बुंडू।** गांव और शहर के टोले मोहल्ले में शिक्षा की दीप जले और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले।शिक्षा क्षेत्र में विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है।उक्त बातें विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहीं।वह बुंडू स्थित रमेश मुंडा स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय के नए भवन एक करोड़ 30 लख रुपए के लागत से निर्माण कार्य की आधारशिला रखने के पश्चात विद्यालय की छात्र,छात्राओं शिक्षकों एवं युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा यह विद्यालय बुंडू के सबसे पुराना आदर्श विद्यालय है जिसका विकास और शैक्षणिक माहौल बनाना हम सबको दायित्व है। मौके पर जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम विधायक प्रतिनिधि हर्षवर्धन शर्मा बबलू कुंडू प्रखंड प्रमुख राजकुमार बींझीया जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडील अरविंद कुमार कालेश्वर मुंडा शिवनाथ मुंडा कमला दास कार्तिक प्रमाणिक उमेश महतो बसु सेठ प्रदीप मुंडा सीता नाथ महतोण राम सिंह महतोए मोनू जायसवालए दिनेश भगतए मेथा पालए बाला महतोए आदि मौजूद थे।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने हुड़वा में निकाली न्याय यात्रा

**नामकुम।** शनिवार को झामुमो नामकुम प्रखंड समिति की ओर से प्रखंड के हुडवा पंचायत के रायडीह गांव में न्याय यात्रा निकाला गया। इस न्याय यात्रा में केन्द्र की भाजपा सरकार के द्वारा केंद्रीय एजेंसी ईडी के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फंसाने के विरोध में निकाला गया। न्याय यात्रा को संबोधित करते हुए प्रखण्ड अध्यक्ष बीरीस मिंज ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को फंसा का भाजपा सरकार उन्हे तोडने की कोशिस कर रही है। जिसमें वे किसी भी तरह से कामयाब नहीं होंगे झारखंड के लोग इसका मुंहतोड जवाब देंगें। न्याय यात्रा में मुख्य रूप से नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बीरीस मिंज के साथ सचिव मो मोजाहिद हुसैन,पूर्व मुखिया अनीता कच्छप, रंजीत मुंडा, बसंती कच्छप,मीना कच्छप,भारती देवी, पांचों देवी, अंजू देवी, विशाल मुंडा, सोमा मुंडा, मीना देवी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### लालखटंगा और पुगडू में दो योजनाओं का शिलान्यास



**नामकुम।** शनिवार को प्रखण्ड के लाल खटंगा पंचायत के नया भूसुर में रिंग रोड से राजेश लोहरा के घर तक एवं तुपुदाना वार्ड नं 53 के पुगडू में काली मंदिर से पूगडू अखड़ा तक पहुंच पथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास खिजरी विधायक राजेश कच्छप के निर्देश पर प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप एवं विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा नें संयुक्त रूप से किया इस दौरान अपने संबोधन में नेताओं ने कहा कि सडक निर्माण कार्य के शिलान्याश करा देने से ही कार्य की इतश्री नहीं हो जाएगी अब स्थानीय ग्रामीणों की बारी है लोगों को सामने आकर योजना का निर्माण अपनी देखरेख में कराना होगा ताकि उसकी गुणवत्ता सही रहे और योजना का लाभ ज्यादा दिन तक आमजन उठा सके। मौके पर लाल खटंगा पंसस सुमित्रा देवी, वार्ड नं 53 के पार्षद निर्मला गाड़ी,समाजसेवी माधो कच्छप, पूनम टोप्पो आदि मौजूद थीं।

# किसी की पहचान उसकी जाति से नहीं ईश्वर पर विश्वास व कर्म से होती है: गुरू सिंह सभा

## जशपुर रोड गुरूद्वारा में मनाया गया संत रविदास की जयंती

खबर मंत्र संवाददाता



संत रविदास जयंती पर सुखमनी साहिब का पाठ करते।

**गुमला।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जशपुर रोड गुमला में माघ पूर्णमासी और संत रविदास जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन करते हुए सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। पाठ उपरांत चौपाई और आनन्द साहिब के पाठ पढ़कर गुरुद्वारा के भाई सूरज सिंह के द्वारा सभी के भले की अरदास की गई । इस अवसर पर सभी के द्वारा सामूहिक लंगर भी किया गया। संत रविदास की अनेक वाणी गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज है तथा सिख गुरुओं द्वारा संत रविदास को अत्यधिक सम्मान दिया गया है। संत रविदास जी ने सिखाया कि किसी की पहचान उसकी जाति से नहीं की जाती है बल्कि ईश्वर में विश्वास और व्यक्ति के अपने कर्म से उसकी पहचान होती है। उन्होंने यह संदेश फैलाया कि भगवान ने मनुष्य को बनाया है, अतः इस धरती पर प्रत्येक मनुष्य का समान अधिकार है। गुरु ग्रंथ साहिब में उनकी वाणी दर्ज है 'तोहि मोहि, मोहि तोहि, अंतर कैसा, कनक कातिक जल तरंग जैसा', अर्थात भगवान और व्यक्ति में कोई अंतर नहीं है जैसे सोने और उसके आभूषण, और पानी और उसकी लहर के बीच कोई अंतर नहीं है। उनके द्वारा अनेक आध्यात्मिक एवं सामाजिक सन्देश दिए गए जो आज भी प्रासंगिक हैं। मौके पर गुरुद्वारा के पाठी भाई सूरज सिंह जी के अलावे राजिंदर कौर, गुरमीत सिंह दिलदार सिंह, इंदु कौर, चरनजीत कौर, जस्सी, तरण सहित अनेक श्रद्धालु गुरुद्वारा साहिब में उपस्थित होकर गुरु ग्रंथ साहिब को मत्था टेका।

# लोहरदगा : संत रविदास की जंयती मनाई गयी

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** रविदास विकास मंच लोहरदगा के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास की जंयती समारोह शनिवार को जिला के नगर भवन लोहरदगा में बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। मौके पर समाजसेवी राजमोहन राम ने कहा कि समाज के पढें लिखे बच्चे-बच्चियां को जबतक टेक्निकल शिक्षा जैसे, कम्प्यूटर, मोबाईल बनाना, आईटीआई नहीं करेंगे तबतक हमारा समाज आगें नही बढ़ेगा। अन्य वक्ताओं भी ने कहा कि नशा छोड़ो शिक्षा से नाता जोड़ो, समाज को आगे बढ़ाने में, दहेज मुक्त समाज का संकल्प एक साथ लिये, समाज के सभी लोग पढ़ लिखकर आगें, मीडिया बंधु, कलाकार बंधु के साथ साथ छोटे छोटे तथा बच्चियों के द्वारा रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम किया गया, साथ में समाज के लड़के एवं लड़कियों द्वारा भी अपना अपना नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रविदास विकास मंच जिलाध्यक्ष रामचरण राम, उपाध्यक्ष बुधन राम, सचिव विनोद राम, कोषाध्यक्ष रामजतन राम, समाजसेवी राजमोहन राम, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा लोहरदगा जिलाध्यक्ष अनिल रविदास, गोपाल राम, गजन राम, विश्वनारायण राम, कृष्णा राम, रघुवीर राम, गोपाल राम, लखन राम, रिन्कु राम, जितेन्द्र राम, रीना देवी, विन्देश्वर राम, रमेश राम, रिझु राम, सुनिल राम शिक्षक, जिला संगठन प्रभारी संतोष राम, मंच संचालन अनिल राम, सह सचिव राधेश्याम राम, मनोज साहु, संतन राम, अजय कुमार, मनोज साहु, शंकर राम, पंकज राम, भरत, आशुतोष, नरेश राम, लक्ष्मन राम, दिगंबर राम, सरोज राम, भोला, अजय, पवन, मड़वारी, मोहन, दिलमोहन, विश्वनारायण राम, नगेन्द्र, निरंजन, परमेश्वर, गोपाल, दयानन्द राम सहित समाज के लोग मौजूद थे।

# बेड़ो : हाथी अंडरपास सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध, ज्ञापन सौंपा

खबर मंत्र संवाददाता



**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग के पलमा से गुमला तक फोरलेन सड़क चौड़ीकरण में बेड़ो प्रखंड के जितिया टिकरा पर एनएचआई के द्वारा हाथी अंडरपास निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू होने के पूर्व ही ग्रामीणों के द्वारा अंडरपास निर्माण को लेकर विरोध शुरू हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस जगह से हाथियों का आवागमन कभी भी नहीं होता है। इसलिए यह जगह गलत है। जिससे ग्रामीणों में खासा रोष है। उन्होंने स्थल नहीं बदले जाने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। क्योंकि इस जगह से हाथियों का आगमन बिल्कुल नहीं होता है। वही इस जगह के दोनों ओर पर घनी आबादी वाला 10 गांव है। जिसके कारण इन 10 गांव के ग्रामीणों में आक्रोश एवं निराशा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस जगह का चयन करने से पूर्व स्थानीय लोगोंए हाथी भगाओ दलए ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति से किसी तरह का कोई विचार विमर्श नहीं किया गया। जिसके कारण गलत जगह का चयन हो गया। इस संदर्भ में स्थानीय ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुआ तो इसका विरोध ग्रामीणों द्वारा किया गया। वही इससे संबंधित विभाग वन प्रमंडल रांची एनएचआई वन विभाग बेड़ो को ज्ञापन एवं मांग पत्र सोपा गया। साथ ही अनुरोध किया गया कि हाथियों का आवागमन प्रायः खिरदा भट्टी मोड़ से रांची की ओर 500 मीटर पर होता है। इसलिए ग्रामीणों का कहना है कि सभी विभागों के पदाधिकारियों से जनहित में मौके स्थल का निरीक्षण कर हाथी अंडर पास को बनाया जाए। उन्होंने मांग किया है कि उक्त जगह का चयन को अभिलंब निरस्त करते हुए नई जगह का चयन और निर्माण कार्य किया जाए।

# भाजपा का उद्देश्य सबका साथ सबका विकास : नीरज नलिन

## भाजपा कार्यसमिति की बैठक आयोजित

खबर मंत्र संवाददाता



लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर बैठक करते भाजपाई।

**भंडरा।** भारतीय जनता पार्टी भंडरा प्रखण्ड की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष विवेक सोनी अध्यक्ष में प्रखण्ड कार्यालय में संपन्न हुआ। आगामी लोकसभा चुनाव तैयारी कार्यक्रम में मुख्य रूप से आगामी 27 फरवरी गुमला में बूथ सम्मेलन में एवं लाभार्थी सम्मेलन 27 फरवरी को होना है कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ मंत्री मनसुख मांडाविया आगमन होना तय है।

कार्यक्रम में जाने हेतु शक्ति केंद्र की प्रभारी बनाया गया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज नलिन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति हमेशा काम करते रहने की बात कहीं।

भाजपा का उद्देश्य सबका साथ सबका विकास है। वहीं मंडल अध्यक्ष विवेक सोनी ने संगठन मजबूती और कार्यप्रणाली पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारी पार्टी का सबसे पहला उद्देश्य है हरेक व्यक्ति को साथ लेकर देश हित का कार्य करना। दरअसल, बीजेपी की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक केंद्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाए, जिससे उन्हें लाभ मिल सके, साथ ही इससे पार्टी भी मजबूत होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष निरज नलिन, पंकज साहू, जालेश्वर महतो, गुलाम मुस्तफा अंसारी, बिपता उरांव, वीना देवी, मालती कश्यप, राजकुमार साहू, उमेश प्रजापति, उमेश साहू, हरिनाथ महतो, रमेश राणा, गीता उरांव, राजू साहू, श्रवण गुप्ता, बिंदेश्वर महतो, आनंद ठाकुर, बरतू बैठा, परमेश्वर उरांव, चंदन कुमार, बिनोद प्रजापति सहित नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जेबीकेएसएस की पंचायत स्तरीय बूथ कमेटी की बैठक

**पिपरवार।** किचटो पंचायत के बन्हे मध्य विद्यालय प्रांगण मे शानिवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का पंचायत स्तरीय बूथ कमेटी का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंगद कु महतो एवं संचालन गणेश महतो द्वारा किया गया। जेबीकेएसएस संगठन की यह कमेटी आगामी हजारीबाग लोकसभा के बूथ कमेटी के लिए और टाईगर जयराम महतो की विचारधारा को जन जन तक पहुंचने का संकल्प लिया। केंद्रीय अध्यक्ष के निर्देशनुसार किचटो पंचायत स्तरीय बूथ कमेटी चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रूपलाल कु महतो सचिव प्रदीप महतो उपसचिव महेंद्र गंझू उपअध्यक्ष यदुनाथ महतो कामेश्वर गंझू कोषाध्यक्ष शालेंद्र उरांव उपकोषाध्यक्ष राजेश महतो मीडिया प्रभारी नरेश महतो बादल महतो रमेश महतो सलहाकर रामप्रसाद महतो कैलाशनाथ महतो शीतल महतो भोला गंझू सुरेन्द्र महतो प्रकाश महतो अजय गंझू हुलाश महतो जेबीकेएसएस संगठन की बूथ कमेटी में चयन किया।

# रैयतों को रोजगार नहीं मिला तो होगा आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता



खलारी। रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक अंबेडकर पार्क डकरा में किया गया। बैठक कीअध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता व संचालन सचिव जगरनाथ महतो ने किया। बैठक में मोर्चा के द्वारा पूर्व में ही सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन को दिए गए 31 सूत्री मांग पत्र पर प्रबंधन के द्वारा किए गए पहल पर चर्चा की गई। साथ ही रोजगार को लेकर निजी कंपनियों पर भी समीक्षा की गई। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि प्रबंधन को पूर्व में दिए गए मांग पत्र के आलोक में अभी तक धरातल पर कोई काम नही दिख रहा है ।वही सिविल विभाग के द्वारा भी स्थानीय रैयत विस्थापित को कार्य देने के मामले में उपेक्षा की जा रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वही रोजगार के मुद्दे पर कुछ कंपनियों के द्वारा पहल किया गया है लेकिन मधुकॉन कंपनी के द्वारा स्थानीय रैयत विस्थापित के रोजगार देने के मुद्दे पर टालमटोल रवैया को देखते हुए कंपनी के विरोध में जोरदार आंदोलन होगा। वही केडीएच से मोनेट होते हुए केकराहीगढ़ा बस्ती तक कि जर्जर सड़क पर चिंता व्यक्त करते हुए सड़क बनाने की मांग की गई अन्यथा केडीएच परियोजना एव मोनेट कोल वाशरी का काम बन्द कराने का भी निर्णय लिया गया है। मोर्चा ने कड़े शब्दों में प्रबंधन एव निजी कंपनियों को चेतावनी दी है कि रैयत विस्थापित की समस्या के प्रति उदासीन रवैया रहा तो सीसीएल एनके एरिया एव निजी कंपनियों का काम बन्द कराया जाएगा।

## एक नजर में

### खजुराहो नृत्य महोत्सव में कथक कुंभ



**पिठोरिया।** खजुराहो नृत्य महोत्सव के 50वें वर्ष में मंगलवार को पश्चिम मंदिर समूह में कथक कुंभ का आयोजन हुआ। इसमें एक साथ 1484 कलाकारों की टीम ने प्रस्तुति दी, जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। इस टीम में पिठोरिया के जिसमें सुतियांबे गांव निवासी हराधन राय व भानु राय की सुपुत्री तनुश्री राय भी शामिल थी। इन्हें श्री कृष्ण कला संस्कृति महोत्सव इंटरनेशनल कंपटीशन और फेस्टिवल प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय श्री कृष्ण कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। तनुश्री राय वर्तमान में खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ में बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स कथक विभाग में अध्यनरत है। गौरतलब है कि इन्हें प्रसार भारती दूरदर्शन केंद्र रांची में बी ग्रेड आर्टिस्ट की उपलब्धि भी मिली है। तनुश्री की इस सफलता से परिवार के साथ पूरे क्षेत्र के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। प्रबुद्ध जन उसकी सफलता पर बधाई दे रहे हैं।

### रसोइया संयोजिकाओं ने सौंपा मांग पत्र

**अनगड़ा।** प्रखंड अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों के रसोईया संयोजिकाओं ने शनिवार को विधायक राजेश कच्छप को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा संयोजिकाओं ने विधायक को बताया कि उन्हें प्रति माह सिर्फ दो हजार रुपये मानदेय मिलता है वह भी समय पर नहीं मिलता है। साल में 12 महीना के जगह 10 महीना का हीं मानदेय मिलता है रसोईया संयोजिकाओं ने विधायक से उन्हें न्यूनतम मजदूरी के हिसाब से मानदेय दिलवाने सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करावाने की मांग की । विधायक ने आश्वासन दिया की वर्तमान विधान सभा सत्र में वे उनकी मांगो को सदन के पटल पर रखेंगे तथा प्रयास करेंगे की न्यूनतम मजदूरी उन्हें प्रदान की जाए।

# प्रेम और सौहार्दपूर्ण माहौल में शब्बे बरात मनाने का निर्णय

## नगड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना परिसर में शनिवार को शब्बे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक प्रखंड मदूवा कच्छप की अध्यक्षता की गई। बैठक में विभिन्न गांव के जनप्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित हुए मौके पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कोई भी पर्व हो हमें प्रेम और सौहार्द से मनाएंगे प्रशासन आप के साथ है हमे नगड़ी में गंगा जमुनी तहजीब के आगे बढायेंगे शब्बे बरात को लेकर प्रशासन क्षेत्र में लगातार गस्ती करेगी मौके पर उपस्थित शांति समिति के सदस्यों के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के वरीय पत्रकार सह शांति समिति के सदस्य प्रदीप कुमार महतो की आकास्मिक निधन पर उनके आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, दल्लादिदी टीओपी प्रभारी अजय दास, उप प्रमुख अफसाना प्रवीण, पंसस शीला देवी, अनिता देवी, गुलरेज अंसारी, केदार महतो, दिलरुबा हुसैन, चुड़ामनी महतो, दिलरुबा अंसारी, विजय महतो, दौलत राम केसरी, शहीद अहमद, बजरंग महतो, हाजी साकिर अहमद, हासीम अंसारी, हेमंत केसरी, सुरेश महतो, बालकरण महतो, विनोद तिर्की, रामकुमार केसरी, राखी देवी, तस्लीम अंसारी, दिनेश केसरी, सकिल अंसारी गिरधारी गोप, सरफराज अंसारी कृष्णा महतो, सवैश भगत, मनीष कुमार, सूरज भगतए, अबदुल कुदूश आदि मौजूद थे।

# उमवि महवीर नगर में संत रविदास जयंती पर हुई निबंध प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला के प्रांगण में प्रधानाचार्य रंथु साहु के नेतृत्व में महान समाज सुधारक संत रविदास की जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविदास जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताया संत रविदास भारत के उन महापुरुषों में से एक थे जो सामाजिक बुराइयों और भेदभाव को समाप्त करने के पक्षधर रहे। इनके अनमोल वचन समाज में सद्भाव और आपसी प्रेम बढ़ाने हेतु हमेशा प्रेरित करते हैं।अध्यपक के संबोधन के बाद निबंध लेखन प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमें नीरज मुंडा सौरभ कुमार सावन महतो चांदनी कुमारी सन्नी कुमार दिव्या कुमारी खुशी कुमारी निहारिका कुमारी दीपाली कुमारी काजल कुमारी प्रिया कुमारी मुकुन मुंडा रामवृत मुंडा शालिनी कुमारी सृष्टि कुमारी शामिल हुई।

# असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई और निर्दोष को मिले इंसाफ

## प्रशासन से फरियाद

खबर मंत्र संवाददाता



**जांच के बाद दोषियों पर होगी कार्रवाई**

अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जांचोपरांत दोषियों पर उचित कार्रवाई की जायेगी तथा निर्दोष व्यक्तियों के साथ न्याय होगा।साथ ही साथ मुख्यमंत्री पीड़ित परिवारों की बातों को गंभीरता से सुना एवं उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों के साथ इंसाफ होगा। अगर निर्दोष व्यक्तियों कि गिराफ्तारी हुई होगी तो इसकी सारी जवाबदेही पुलिस प्रशासन की होगी।

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी में हुए उपद्रव तथा निर्दोष व्यक्तियों एवं पढ़े लिखे युवाओं की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिवार की महिलाएं उप प्रमुख नगड़ी अफसाना प्रवीन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, डीजीपी अजय कुमार सिंह, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम, उपायुक्त रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक तथा थाना प्रभारी नगड़ी को हस्ताक्षरित ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा पकड़े गए देवरी के निर्दोष व्यक्तियों एवं पढ़े लिखे युवाओं को जांचोपरांत इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई। पीड़ित परिवारों ने मुख्यमंत्री एवं संबंधित अधिकारियों को बताया की उक्त घटना नगड़ी में हुई है, जबकि घटना स्थल से लगभग छह सौ मीटर की दूरी पर ग्राम देवरी में पुलिस प्रशासन द्वारा घर की महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार एवं बर्बरतापूर्ण कार्य करते हुए निर्दोष व्यक्तियों तथा पढ़े लिखे युवाओं के घरों के दरवाजे, घरों के अंदर रखे अलमारी तथा बक्से को तोड़ा गया और दोषी को नहीं पकड़ा गया।

**इन्होंने सौंपा ज्ञापन**

ज्ञापन देने वालों में उप प्रमुख अफसाना प्रवीन, पंचायत समिति सदस्य अनीता देवी, गुलरेज अंसारी, शिला देवी के आलावा पीड़ित परिवार के साइमा प्रवीन, रुखसार प्रवीन, मुस्तरी खातून, रेहाना खातून, मुनेजा खातून, रेशमा खातून, तमन्ना परवीन, नीलोफर अंजुम, निखत प्रवीन, हलीमा खातून, तौसीफ अंसारी, अब्दुल रसीद, सलामत अंसारी तथा सम्मानित शांति समिति के सदस्य नगड़ी अंजुमन के सदर दिलरुबा हुसैन, मो हाशिम, शाकिर अहमद, मो अनीश, बिरसू उरांव एवं बीरेंद्र महतो उपस्थित थे।

# विकलांग एवं अनाथ कल्याण सेवाश्रम का मना वार्षिकोत्सव



**सिकीदीरी।** महर्षि बाल्मीकि विकलांग एवं अनाथ कल्याण सेवाश्रम संस्थान, सहेदा में शनिवार को 11वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला बिरेन्द्र भगत, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, भाजपा नेता आशीष साहु व हरातु मुखिया राजेन्द्र बेदिया उपस्थित थे। अध्यक्षता विद्यालय के सचिव मंगलदेव महतो ने किया। मुख्य अतिथि निर्मला भगत ने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी भी मायने में समान्य बच्चे से कम नहीं होते हैं। इनका उत्साहवर्धन करने की जरुरत है। उन्होंने विद्यालय को हर संभव सहयोग का अश्वासन दिया है। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि दिव्यांग और अनाथ बच्चों के लिए यह स्कूल समाज के लिए एक मिशाल है। हम सभी को एक सशक्त समाज के लिए अपना योगदान देना चाहिए। मुख्य संरक्षक आशीष साहू ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में अतिरिक्त शक्ति होती है। उन्हें उचित मर्गदर्शन करने की जरुरत है। इस मौके पर बच्चों ने आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संचालन स्कूल का नन्हा छात्र हरीश महतो ने किया। मौके पर आजसू के प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ महतो, जलनाथ चौधरी, प्रेम कुमार साहू, डिप्टी महतो, कुसमी देवी, राजेन्द्र महतो, शिबू महतो, अंकित महतो, मंटू महतो आदि उपस्थित थे।

